हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 अगस्त 2025
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 भूमिपूजन के दो माह बाद भी चौराहों के चौड़ीकरण...



08 पुलिसकर्मियों को मिलेगा बाजार से सस्ता सामान...



## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**नर्मदापुरम।** जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत ने की। बैठक में सीईओ रावत ने सभी सहायक विकास विस्तार अधिकारियों एवं पंचायत समन्वय अधिकारियों से उनके कार्यक्षेत्र में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों की स्थिति की जानकारी ली।

### सिलाई और सेंट्रिंग कार्य से हो रही आय में वृद्धि

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले के ग्राम आँखमऊ की निवासी माया यादव ने अपने जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक नई राह बनाई है। वर्ष 2018 में उन्होंने ओम स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन लाया। यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं और उनकी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक आय अत्यंत न्यूनतम थी। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण एवं जानकारी मिली।

### चिन्हित किए गए अन्य भवनों की भी की जा रही मरम्मत

# कलेक्टर के निर्देश पर वर्षाकाल में जीर्ण शीर्ण भवनों को किया गया डिस्मेंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वर्षा ऋतु के दौरान जिले में आमजन, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार विद्यालय परिसरों में स्थित जीर्ण-शीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है एवं यह निरंतर जारी है। जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में वर्षों पुराने, उपयोग में न लाए जा रहे भवन बच्चों की सुरक्षा हेतु खतरा बनते जा रहे थे। समयावधि पूरी होने एवं संरचनात्मक रूप से कमजोर होने के कारण तथा भवनों की अनुपयोगिता एवं बारिश के दौरान इनसे जनहानि की संभावनाएं को दृष्टिगत रखते हुए इनको डिस्मेंटल किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा केंद्र को निर्देशित किया गया था कि ऐसे सभी भवनों को चिन्हित कर सूची तैयार की जाए। शाला प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम/नगर पंचायतों से भी जीर्ण शीर्ण भवनों के प्रस्ताव प्राप्त किए गए।

विद्यालय परिसरों में स्थित जीर्ण-शीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है एवं यह निरंतर जारी है। बच्चों की सुरक्षा हेतु खतरा बन रहे जीर्णशीर्ण भवनों को डिस्मेंटल किया गया।



#### जीर्ण शीर्ण अवस्था में 33 भवन किए थे चिन्हित

विकासखंड नर्मदापुरम अंतर्गत कुल 33 ऐसे भवनों को जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में थे उनको तोड़ा गया है। इसी प्रकार विकासखंड केसला अंतर्गत 19, विकासखंड माखन नगर अंतर्गत 23, विकासखंड सिवनी मालवा अंतर्गत 38, विकासखंड पिपरिया अंतर्गत 19, विकासखंड बनखेड़ी अंतर्गत 9 एवं विकासखंड सोहागपुर अंतर्गत 8 शाला भवनों को डिसमेंटल किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थलों पर नवीन भवनों का निर्माण पूर्व में ही किया जा चुका है, जबकि अन्य स्थानों के लिए निर्माण एवं मरम्मत संबंधी प्रस्ताव जिला शिक्षा केंद्र द्वारा उच्च अधिकारियों को प्रेषित किए जा चुके हैं। वहीं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त कार्यवाही अभियान मोड में पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ क्रियाशील रखी जाए, तथा शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अन्य जीर्ण शीर्ण शाला भवनों का भी चिन्ह्यांकन किया जाए।

#### शैक्षणिक और खेल गतिविधियों के लिए होगा खाली हुए स्थानों का उपयोग

गवर्तमान में किए गए निरीक्षण एवं प्रस्तावों तथा गत शैक्षणिक सत्र में चिन्हित किए गए भवनों के आधार पर कुल 149 भवनों की सूची तैयार कर सर्वे कार्य पूर्ण किया गया। सर्वे के उपरांत लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए पुनः परीक्षण में भी भवनों को जीर्ण-शीर्ण घोषित किया गया। तत्सम्बंध में इन भवनों को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के माध्यम से तोड़ने की प्रक्रिया संपादित की गई। इससे न केवल विद्यालयीन परिसरों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि खाली हुए स्थानों का उपयोग बच्चों के खेल क्षेत्र अथवा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा।

# यातायात नियमों के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर की गई कार्रवाई

### यातायात व परिवहन विभाग की संयुक्त जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जिले के विभिन्न स्थानों पर बसों और वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर 18 हज़ार रुपए से अधिक की चालानी कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान 8 बसों पर नियम पालन न करने पर 7 हजार रुपए, माखननगर क्षेत्र में दोपहिया वाहनों के 10 चालान कर 3400 रुपए की कार्यवाही, सोहागपुर में 10 चालान कर 3400 रुपए की कार्यवाही, नर्मदापुरम 14 चालान कर 4800 रुपए की कार्यवाही, पिपरिया में 4 चालानों से 1800 रुपए, इटारसी में 08 चालानों से 2400 रुपए तथा सिवनी मालवा में 07 चालान 2300 रुपए के जुर्माना की कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानहानि दोपहिया वाहन चालकों की होती है और हेलमेट ही वह सुरक्षा कवच है जो सिर को गंभीर चोटों से बचाता है तथा जीवन रक्षा में सबसे अहम भूमिका निभाता है। इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का अनिवार्य साधन है। इसीलिए सभी निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का अनुसरण करें और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

थाना कोतवाली में शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें अनुविभागी अधिकारी जितेंद्र पाठक सर यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा सर थाना प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी देहात तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी एमपीबी से जेइ सर ब शहर के पार्षद गण गण शहर काजी साहब पत्रकार बंधु व अन्य गणमान्य नागरिक शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे। जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर चर्चा हुई।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते आज सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रसूलिया क्षेत्र में विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में बिजली कंपनी के जोन-1 फेफरताल उपकेन्द्र में शनिवार को मेंटेनेंस कार्य होगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कंपनी ने बताया कि कार्य की स्थिति अनुसार बिजली बंद रहने का समय कम या ज्यादा भी हो सकता है। मेंटेनेंस के दौरान फौजदार कॉलोनी से रसूलिया, डबल फाटक, हरदा बायपास और फेफरताल क्षेत्र में सप्लाई प्रभावित होगी। उनमें कॉलोनियांः विक्रम नगर, सरस्वती नगर, कंचन नगर, प्रताप नगर, फौजदार कॉलोनी, ऑफिसर रेसिडेंसी, वर्मा कॉलोनी, महिमा नगर, संजय नगर, बंगाली कॉलोनी। अन्य इलाके जिनमें हनुमान नगर, न्यू हनुमान नगर, राध्य नगर, अभिषेक नगर, राम नगर, चंदन नगर,




गोपालकुंज, मारूती नगर, आशीर्वाद नगर, अशुतोष नगर, बंजारा टाउन, गीता भवन। पिंक एवेन्यू, शुगम कुंज, ग्रीन यार्ड, हिमालय सिटी, साई हेवन सिटी, साई ग्रीन सिटी, हिल व्यू होम, साई सिटी, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी, रेवा ब्लू, साई दर्शन, साई किरण, ग्लोबल ग्रीन, ग्लोबल हाइट्स, फेफरताल आदि शामिल हैं।

# कड़ी मशक्कत के बाद फिर पकड़ा गया उत्पाती तेंदुआ, कई जानवरों को बना चुका है शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के हिरणचापड़ा, खखरापुरा, सहेली समेत 7 गांवों में दहशत फैला रहे तेंदुए को शुक्रवार को पकड़ लिया गया। खखरापुरा गांव के पास लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया। दो माह में यह तीसरी बार है जब इस तेंदुए को पकड़ा गया है।

एसटीआर टीम ने बताया कि उसे अब घने जंगल में ऐसी जगह छोड़ा जाएगा, जहां से वह दोबारा रहवासी इलाकों में न पहुंच सके। तेंदूआ बार-बार जंगल से भागकर



गांवों की ओर पहुंच रहा था। जून में पहली बार यह तेंदुआ सिंघानामा से पकड़ा गया था और चूरना के जंगल में छोड़ा गया था। इसके बाद भी यह भागकर बार-बार गांवों में पहुंच रहा था। 26 जुलाई को यह बासनिया गांव में एक ग्रामीण के घर की किचन में घुस गया था। 15 दिन पहले यह केसला क्षेत्र तक पहुंच गया था। पिछले दिनों तेंदुए ने पोडार गांव में एक आदिवासी किसान की दो बकरियों का शिकार किया था। हिरणचापड़ा में 10 से 12 मुर्गे-मुर्गियां और एक पालतू कुत्ता भी इसका शिकार बने। कई बार ग्रामीणों का तेंदुए से आमना-सामना हो चुका है, जिससे लोग दहशत में थे। 13 अगस्त को ग्रामीणों ने एसटीआर अधिकारियों को ज्ञापन देकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की थी।

# द चैम्प्स फन स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन व वर्कशॉप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के रामायण हॉल में शनिवार को अभिभावक, शिक्षक बैठक के साथ-साथ पूजा थाली सज्जा कार्यशाला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हमारे मुख्य अतिथि डॉ. उमेश सेठा एवं डॉ. ज्योति सेठा पधारे। विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

कार्यक्रम में हमारे नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता एवं कला का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सिंहासन बनाना, मुकुट बनाना, गणेश जी का मुखौटा बनाना, बुकमार्क बनाना आदि विषय




सम्मिलित थे। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों का अवलोकन एवं मूल्यांकन मुख्य अतिथियों ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफ़ी एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा बच्चों को प्रेरणादायी संदेश भी दिया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों को राम दरबार भेंट कर किया गया। आज के कार्यक्रम का सफल संचालन मनीषा तोमर एवं स्नेहा राजपूत ने किया तथा कार्यक्रम की प्रभारी ऋचा सोनी एवं अक्षिता दीवान रहीं। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# पं. सोमेश परसाई ने मां गंगा का दुग्ध से किया अभिषक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पोला अमावस्या के पावन पर्व आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने हरकी पैड़ी हरिद्वार में मां गंगा का दुग्ध से अभिषेक किया। इस अभिषेक में मुख्य रूप से सांसद रोडमल नागर, अजय सैनी, सत्तू भैया, गौरव थापक, पप्पू भदौरिया, देवेंद्र सैनी, शुभम सैनी, राकेश, उपस्थित रहे एवं सभी शिष्य गण उपस्थित रहे।

# परपोषी पौधों के पीड़क एवं रोग प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित अभियान मेरा रेशम मेरा अभिमान के अंतर्गत शासकीय रेशम केन्द्र महुआखेड़ा, तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था – परपोषी पौधों का पीड़क एवं रोग प्रबंधन। कार्यक्रम में जिले के रेशम उत्पादन से जुड़े अनेक कृषकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर वैज्ञानिक-बी पी.वी. दिनेश कुमार, केन्द्रीय रेशम बोर्ड नर्मदापुरम, वरिष्ठ तकनीकी सहायक गमेर सिंह कितावत एवं




अर्जुन सिंह कितावत, तथा राज्य रेशम विभाग से प्रक्षेत्र अधिकारी श्याम कुमार यादव उपस्थित रहे।वैज्ञानिक-बी पी.वी. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपस्थित कृषकों का स्वागत किया और मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी। उन्होंने परपोषी पौधों के पीड़क एवं रोग प्रबंधन पर विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा कृषकों को रेशम खेती संबंधी पंपलेट वितरित किए। श्याम कुमार यादव, प्रक्षेत्र अधिकारी, बनखेड़ी क्षेत्र ने कृषकों को राज्य रेशम विभाग द्वारा दी जा रही सहायता राशि और कार्ययोजना के बारे में बताया।

# कांग्रेस नेता के आपत्तिजनक बयान की सांसद ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कांग्रेस नेता यशवंत सिंह गुजर के कथित बयान बहनों को बोरियों में भर देंगे की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस बयान को न केवल शर्मनाक, बल्कि प्रदेश की आत्मनिर्भर बहनों का सीधा अपमान बताया है।

नारोलिया ने कहा कि यह बयान कांग्रेस की सोच को दर्शाता है, जो महिलाओं के प्रति असम्मानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, आगे बढ़ रही हैं, तो कांग्रेस को यह बात खटक रही है। इसी कारण उसके नेता मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कहा



कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज में सम्मान और स्वाभिमान भी प्रदान कर रही हैं। भाजपा का कहना है कि पार्टी हमेशा महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी उनके साथ खड़ी रहेगी।

### घरों में हुआ मिट्टी के बैलों का पूजन

# जिले भर में मनाई गई शनिश्चरी पोला अमावस्या श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में शनिचरी पोला अमावस्या के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही श्रद्धालु सेठानी घाट समेत अन्य घाटों पर पहुंचना शुरू हो गए। सुबह से स्नान का सिलसिला जारी है। नर्मदापुरम के अलावा इटारसी, बैतूल, भोपाल, विदिशा, रायसेन समेत अन्य शहरों से श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे। स्नान के बाद घाट पर पूजन पाठ, सत्यनारायण भगवान की कथा की।

शनिवार के दिन अमावस्या आने से शनि मंदिर में भी श्रद्धालु शनि देव का पूजन करने पहुंचे। वहीं तवा डैम के गेट खुले होने से नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से करीब 7,8 फीट



ऊपर है। घाट पर सुरक्षा के लिए होमगार्ड, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पोला अमावस्या पर ग्रामीण किसान अपने बैलों की पूजा करते हैं। वे बैलों को सजाकर गांव में झांकी निकालते हैं। इसके अलावा मिट्टी से बने बैल जोड़ की घरों में भी पूजन होगी। बाजार में मिट्टी से बने बैलों की दुकानें लगी हैं।

### पोला अमावस्या पर नपाध्यक्ष ने गौशाला को पहुंचाया गौ आहार

**नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की पहल पर हांका दल प्रभारी द्वारा बम्हनगांव स्थित गोशाला में खली चुनी भिजवाई गई है। इस पर बम्हनगांव की गोशाला के संचालकों ने नपाध्यक्ष यादव का आभार माना। हांका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव के निर्देश पर नगरपालिका द्वारा बम्हनगांव स्थित गोशाला में पोला अमावस्या पर एक क्विंटल तुअर की चुनी गोवंश के लिए पहुंचाई गई है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि आज हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार पोला है। प्राचीन समय से ही हम अपने पशुधन की पूजा करते आ रहे हैं। आज पोला अमावस्या पर घरों-घर बैलों की पूजा होती है। इस पावन अवसर पर गोमाता के लिए शनिवार को हमने सुरभि गोशाला बम्हन गांव में तुअर की चुनी दाना पानी के रूप में पहुंचाई है।

# एसपीएम में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सीआईएसएफ यूनिट एसपीएम संरक्षिका के तत्वावधान में शनिवार को एक निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी सुरुआत सीआईएसएफ यूनिट एसपीएम नर्मदापुरम संरक्षिका की अध्यक्षा डॉ अर्चना राय सिंह एवम डॉ अतुल सेठा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य सीआईएसएफ यूनिट तथा एसपीएम में कार्यरत महिला कर्मियों एवं कर्मचारियों की महिला परिजनों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अलग-अलग क्षेत्रों में स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं रोग-निवारण संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### सब्जी बेचने वाले को बाइक ने टक्कर मारी, मौत

**बैतूल।** आमला में सब्जी बेचकर आ रहे एक व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी। घटना के एक दिन बाद उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम पंखा मार्ग पर सडक़ हादसा हो गया था। जुनापानी साईखेड़ा निवासी मुन्ना पिता फगना कवड़े (52) सब्जी बेचकर आमला से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो हुए थे। चश्मदीदों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि मुन्ना कवड़े सडक़ पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया। वहां देर रात तक इलाज चलता रहा, लेकिन शनिवार उनकी मौत हो गई। मुन्ना कवड़े घर के अकेले कमाने वाले थे। उनकी शादी हो चुकी थी और परिवार का भरण-पोषण उन्हीं पर निर्भर था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है। आमला पुलिस ने हादसे की डायरी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विशाल रक्तदान शिविर आज

**बैतूल।** ब्रह्माकुमारीज भाग्यविधाता भवन बटामा, बैतूल में आज रविवार 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। ब्रह्माकुमारीज बैतूल सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदीजी ने बताया कि यह अभियान केवल रक्त एकत्रित करने के लक्ष्य से नहीं अपितु सहयोग, करुणा, प्रेम और सेवा भाव जैसे मानवीय मूल्यों की जागृति के लक्ष्य को लेकर रखा गया है जिसमें हम धर्म, जाती, भाषा, रंग आदि दायरों से उठकर मानवता की भावना से किसी को जीवन देने का पुनीत कार्य कर सकते है।

### नपा का तर्क: बारिश की वजह से हो रही देरी, जल्द होगा काम शुरू

# भूमिपूजन के दो माह बाद भी चौराहों के चौड़ीकरण का काम नहीं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के साथ गंज क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण होना था। इन कार्यो का भूमिपूजन करीब डेढ़ माह पहले हुआ था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। लगभग सात करोड़ रुपए की लागत वाले इन प्रोजेक्टों को लेकर नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है, लेकिन बारिश की वजह से काम शुरू करने में देरी हो रही है। ऐसे में, यदि सितंबर के बाद काम शुरू हुआ, तो नवरात्रि और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों में खुदाई और निर्माण के चलते आमजन की मुश्किलें और बढ़ेगी। दरअसल नगरपालिका ने चौराहों के चौड़ीकरण, विस्तार का प्रपोजल और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में बेहद तेजी दिखाई। मई में प्रपोजल भेजा, इसे नगरीय प्रशासन से मंजूरी भी मिल गई। टेंडर भी तुरंत कर दिए, लेकिन टेंडर होने के बाद भी नपा काम शुरू नहीं करवा पा रही है। जानकार बताते है कि देरी की मुख्य वजह बारिश के साथ-साथ शहर में बन रही व्हाइट टॉपिंग सडक़ भी है। यह सडक़, मौजूदा सडक़ से सात इंच ऊंची बनाई जा रही है और तीन-चार प्रमुख चौराहों से होकर गुजरती है। इस वजह से भी चौराहों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के काम में देरी हो रही है।



#### सीसी रोड प्रोजेक्ट भी ठप पड़ा

पिछले महीने गंज क्षेत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने दो करोड़ रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया था। यह काम भी अब तक शुरू नहीं हुआ है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि बारिश के बाद काम तेज़ी से शुरू होगा। गंज क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि दो महीने से सिर्फ बहाने सुन रहे हैं। अगर त्योहारों में खुदाई शुरू हुई तो ट्रैफिक जाम और भी बढ़ेगा। ये विकास का काम है या जनता की परेशानी बढ़ाने की तैयारी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सितंबर के बाद नवरात्रि और दीपावली जैसे बड़े त्योहार शुरू हो जाएंगे। ऐसे में निर्माण कार्य से यातायात व्यवस्था बिगड़ेगी।

#### कोठीबाजार में पार्किंग की बढ़ रही समस्या

कोठीबाजार क्षेत्र में पार्किंग की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन गांधी चौक पर बनने वाली अंडरग्राउंड पार्किंग का काम अब तक शुरू नहीं हुआ। नगर पालिका ने करीब दो करोड़ रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन तो कर दिया, लेकिन महीनों बाद भी ज़मीन पर एक ईंट तक नहीं रखी गई। नगरपालिका का तर्क है कि बारिश के मौसम के कारण काम शुरू नहीं हो सका और अब त्यौहारी सीजन आड़े आएगा। यदि गांधी चौक जैसे व्यस्त इलाके में अंडरग्राउंड पार्किंग बनती है तो लोगों को वाहन पार्क करने में राहत मिलेगी, लेकिन प्रोजेक्ट लटकने से नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों का आरोप है कि नपा केवल घोषणाओं और भूमिपूजन तक सीमित है।

#### चौक-चौराहों पर गड्ढों से लोग परेशान

शहर के अधिकांश चौराहों के हालात ऐसे हैं कि वाहन यहां पर आते ही गड्ढों में फंस जाते हैं, अनियंत्रित होकर वाहन चालक खुद को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा रहे हैं। कई बार वाहनों में टूट-फूट भी हो जाती है। बता दे कि परशुराम चौराहे के आसपास कलेक्टर बंगले के सामने की जमीन, कॉलेज की ओर की जमीन, ताप्ती क्लब के सामने चौराहे से सटी खाली पड़ी जमीन तक चौराहे का विस्तार किया जाना है। गंज के चौक का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। बीच में जो जगह है उसे भी भव्य बनाया जाएगा। कोठी बाजार का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। इस चौराहे पर आसपास अतिक्रमण पैर पसार चुका है। यहां से भी अतिक्रमण को हटाया जाना है।

#### पूरा किया जाएगा

चौराहों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी किये जा चुके हैं। बारिश की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया है। जैसे ही बारिश थम जायेगी, काम तेजी से पूरा किया जाएगा।

**सतीश मटसेनिया**, सीएमओ
नगरपालिका बैतूल

### कलेक्टर ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण

#### ट्रैफिक के सुचारू संचालन के दिए निर्देश



**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार शाम को जिले मुख्यालय स्थित प्रगतिरत व्हाइट टॉपिंग सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए सडक़ के शोल्डर भराव का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि सडक़ निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा होना चाहिए। उन्होंने यातायात पुलिस को भी निर्देशित किया कि यातायात बाधित न हो। गौरतलब है कि जिले मुख्यालय में थाना कोतवाली से लल्ली चौक तथा जेल मार्ग से चौपाटी तक लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से व्हाइट टॉपिंग सडक़ का निर्माण कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ सतीश मत्सेनिया,एसडीओ लोक निर्माण विभाग डीएस परमार भी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

### सुरक्षा विभाग ने युवक को पकड़ा

## पाइप चोरी की कोशिश नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी



सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी दिन शनिवार लगभग सुबह 9.30 बजे 3 नग पाईप चोरी कर बाइक पर बांधकर लेजाते समय सुपर एफ में सुरक्षा विभाग ने एक युवक को पकड़ा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के मुख्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. राघव ने बताया कि हमारी टीम ने एक युवक को पकड़ा है जो की बाइक (क्रमांक एमपी- 48, एमएफ 6872) पर बांधकर 3 नग पाइप ले जा रहा था। हमारे द्वारा कारवाई करने के बाद उचित कार्रवाई हेतु आरोपी को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है कि वह यह पाइप किसके कहने पर और कहाँ ले जा रहा था। पूर्व में भी कई बार चोरी के प्रयास हो चुके हैं लेकिन सुरक्षा विभाग की चोकसी से हर बार चोरों को नाकामी का सामना करना पड़ा है।

### वसूला 26 हजार समन शुल्क

## यातायात पुलिस ने 39 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई



**बैतूल।** यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की और लापरवाही मिलने पर चालान बनाया। यातायात प्रभारी गजेंद्र कैन ने बताया कि गेंदा चौक, पेट्रोल पंप चौक एवं बस स्टैंड क्षेत्र में यात्री बसों, ऑटो, मैजिक एवं अन्य सवारी वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान सभी वाहनों के दस्तावेज़ जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जाँच की गई। साथ ही वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विशेष रूप से वाइपर, इंडिकेटर, ब्रेक लाइट, हेड लाइट, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन दरवाजा एवं खिडक़ी काँच की स्थिति की भी जाँच की गई। इस दौरान बिना परमिट अथवा अपूर्ण दस्तावेज़ वाले ऑटो एवं मैजिक वाहनों को थाने में खड़ा कर चालानी कार्यवाही की गई। यात्री बसों में ड्राइवर के बिना वर्दी पाए जाने, वाइपर/इंडीकेटर/ब्रेक लाइट खराब होने, फर्स्ट एड बॉक्स एवं अग्निशामक यंत्र अनुपस्थित होने पर मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई। कार्रवाही के दौरान 23 बसों के चालान बनाये गये और 12,500 रूपये समन शुल्क वसूला गया। इसी तरह 7 ऑटो चालकों से 8,000, 4 कार चालान से 2,000, 2 मैजिक के चालान बनाकर 2,000 और 3 मोटरसाइकिलों के चालान बनाकर 1,500 रूपये कुल कुल 39 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 26,000 का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही सभी बस ड्राइवरों, कंडक्टरों एवं संचालकों को यह निर्देशित किया गया कि पात्रता से अधिक सवारियाँ न बैठाएँ।बसों की छत पर अतिरिक्त सामान न रखें। वाइपर, इंडिकेटर एवं ब्रेक लाइट हमेशा दुरुस्त रखें।

## संयुक्त संचालक ने किया औचक निरीक्षण कई शिक्षक, कर्मचारी मिले अनुपस्थित

### अनुपस्थित कर्मचारियों को दिए कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नर्मदापुरम लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने जिले के प्रभात पट्टन स्थित जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट, उत्कृष्ट विद्यालय एवं जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारी एवं शिक्षक अपने-अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। वहीं प्रभारी प्राचार्य के कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर संयुक्त संचालक वर्मा ने कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों में अनुशासन और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त संचालक श्री वर्मा ने डाइट प्रभात पट्टन के निरीक्षण के दौरान 5 उच्च माध्यमिक शिक्षक, 3 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी एवं 5 भृत्य अनुपस्थित मिले। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान एक उपयंत्री और 2 बीएसी कार्यस्थल से गायब पाए गए। इन पर भी नोटिस की कार्रवाई की गई। उत्कृष्ट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य को कार्यों में लापरवाही बरतने के चलते नोटिस थमाया गया। संयुक्त संचालक श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल सिंह कुशवाह, शिक्षा विभाग के योजना अधिकारी सुबोध शर्मा सहित अन्य अधिकारियों को कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता या गैर-जिम्मेदारी बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी यदि समय पर उपस्थित नहीं होते या अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करते हैं तो आगे कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## मप्र कर्मचारी मंच ने जनजातीय कार्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### नियमितिकरण, कलेक्ट्रेट रेट और बकाया वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के केबिनेट मंत्री डॉ. विजय कुवर शाह को प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन मजदूर कर्मचारियों ने अपनी तीन सूत्रीय जायज मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से सरकार के समक्ष लंबित हैं, लेकिन अब तक न तो विभाग के आयुक्त ने उन्हें संज्ञान में लिया और न ही किसी स्तर पर समाधान हुआ है। मप्र कर्मचारी मंच ने बताया कि प्रदेशभर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारी लगातार जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक ज्ञापन देकर अपनी आवाज उठा रहे हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि जनजातीय कार्य विभाग में 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित किया जाए और कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर रेट पर वेतन दिया जाए। साथ ही, दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करने का आदेश भी जारी किया जाए। कर्मचारी मंच ने यह भी कहा कि 1 अप्रैल 2024 से बढ़े हुए वेतन को 1 अप्रैल 2025 तक भी लागू नहीं किया गया है। वर्तमान में कर्मचारियों को 12,125 रुपये कुल वेतन भी नहीं दिया जा रहा है और एरियर का भुगतान भी लंबित है। मंच ने ज्ञापन के माध्यम से मंत्री से मांग की कि इन तीनों मुद्दों का शीघ्र निराकरण किया जाए और कर्मचारियों को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश सरनेकर, संजू वामनकर, कन्हैया यादव, सुखदेव सलामे, संतोष उइके, राजेश उइके और बारीक राम शामिल रहे। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## बायोस्टेट इंडिया कंपनी ने दस छात्रों को 25 हजार रुपए की छात्रवृत्ति की वितरित

### किसानों को जैविक खेती से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बायोस्टेट इंडिया कंपनी के माध्यम से शनिवार को ग्राम पंचायत कोलगांव में जैविक खेती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान और कंपनी के बीच जैविक खेती के अंतर्गत क्या-क्या उगाया जा सकता है और फसलों को विभिन्न प्रकार के खरपतवारों और कीटनाशकों से कैसे बचाया जा सकता है, इस पर संवाद भी हुआ। यह संगोष्ठी बैतूल स्थित पटेल कृषि सेवा केंद्र बैतूल के माध्यम से आयोजित की गई।

पटेल कृषि सेवा केंद्र सलीम पटेल, दादाजी कृषि सेवा केंद्र के संचालक बलराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी के साथ-साथ कंपनी के माध्यम से ग्राम पंचायत कोलगांव क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलगांव के दस उत्कृष्ट छात्रों को 25,000 रुपये की छात्रवृत्ति भी वितरित की गई। इस अवसर पर बायोस्टेट इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि आकाश भरतपुरे, संजय माकोडे,राज मानकर ने उपस्थित किसानों को बताया कि बायोस्टेट इंडिया लिमिटेड कृषि आदानों और सेवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है जो किसानों को कीटनाशक, कवकनाशी, खरपतवारनाशी और जैव-उत्तेजक जैसे नवीन समाधान प्रदान करती है। यह 30 से अधिक वर्षों से स्थायी कृषि के क्षेत्र में सक्रिय है और भारत के साथ-साथ 22 से अधिक देशों में कृषक समुदायों का समर्थन करता है। कंपनी का उद्देश्य कृषि के माध्यम से मानवता की प्रगति को बढ़ावा देना है और यह वैश्विक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए उच्च सुरक्षा मानकों और आधुनिक विनिर्माण क्षमताओं का उपयोग करती है। कंपनी के माध्यम से निर्मित उत्पादों से किसानों को लाभ होता है। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में कोलगांव पंचायत के सरपंच सरिताबाई वाडिवा उपसरपंच दिलीप बारपेठे, जिला जल संसाधन अधिकारी विपिन वामनकर, भूतपूर्व जनपद सदस्य रामकिशोर उइके, सांसद प्रतिनिधि आदि रहे मौजूद।

### 16 कांग्रेसियों पर केस दर्ज

**बैतूल।** बैतूल जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के स्वागत के दौरान कारगिल चौक पर पार्टी का झंडा लगाने से हुआ विवाद अब और बढ़ गया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने श्री डागा समेत 16 कांग्रेसियों पर सरकारी काम में रुकावट डालने का केस दर्ज किया है। दरअसल, 18 अगस्त को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बैतूल पहुंचे श्री डागा का जोरदार स्वागत किया गया था। जगह-जगह स्वागत द्वार और झंडे लगाए गए थे। इसी दौरान कारगिल चौक पर कांग्रेस का झंडा लगाने को लेकर भाजपा नेता सतीश बड़ोनिया और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया व पार्षद उमाशंकर दीवान के बीच बहस हो गई। आरोप है कि झगड़े में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता के साथ मारपीट भी की। इसके बाद भाजपा नेताओं ने कोतवाली थाने जाकर विरोध जताया और पुलिस ने मोनू बड़ोनिया व उमाशंकर दीवान पर केस दर्ज कर लिया।

### भवन बनाए आलीशान पार्किंग से किया परहेज, राहगीर हो रहे परेशान

# पार्किंग नहीं होने से गली मोहल्लों में सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

बीते लगभग डेढ़ दशकों में शहर में नए भवन निर्माण और वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है, किंतु उस अनुपात में सकरी होती गलियां और सिमटती सडक़ों ने पूरे शहर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए एक समस्या पैदा कर दी है। अब इसे प्रशासन की लापरवाही कहें लोगों का गैर जिम्मेदार रवैया, किंतु शहर के ज्यादातर इलाकों में सिमटती सडक़ों ने हालात जरूर बिगाड़ दिए हैं। दरअसल बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से इलाके में ज्यादातर दोपहिया वाहनों की संख्या तो जरूर बढ़ी है, किंतु इन बेतहाशा वाहनों को खड़े करने के लिए जगह नहीं है,ऐसे में वाहन मालिक अपने वाहनों को सडक़ों पर खड़ा करते हैं। जिससे शहर के ज्यादातर इलाकों में आवागमन को लेकर हालत बिगड़ रहे है या इसे यूं कहे कि ज्यादातर लोगों ने मकान तो आलीशान बना लिया है, किंतु मकानो में पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी हैं,जिससे शहर में बढ़ते बेतहाशा वाहनों को सडक़ों पर ही खड़ा किया जाता है। यहां ऐसे हालातों में शिकवे शिकायतों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने से सडक़ों पर वाहन खड़े करने का चलन सा भी बन गया है।

#### हजार से ज्यादा वाहन सड़कों पर

शहर में लगभग हजार से ज्यादा वाहन सडक़ों और गलियों में खड़े किए जाते हैं, जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तो वहीं दुर्घटनाओं का भी अंदेशा रहता है। इसमें सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों के ऑटो, बस आदि वाहनों को ज्यादा दिक्कत होती है। यहां निजी भवनों की ही बात नहीं है, बल्कि शहर के अधिकांश शासकीय अशासकीय बैंकों में भी जहां प्रतिदिन सैकड़ो लोग आते हैं। ऐसी बैंकों के पास भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, इनमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, नर्मदा बैंक, ग्रामीण सहकारी बैंक, आइसी आइसीआइ बैंक आदि शामिल है इन बैंकों के पास भी पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से इन इलाकों में भारी समस्याएं होती है, और कई बार तो विवाद जैसे हालात भी बन जाते हैं।



#### मेन रोड में यातायात व्यवस्था बदहाल

शहर के मुख्य बाजार के हालात भी कुछ ऐसे ही हैं, जहां सडक़ों तक पसरी दुकान और सडक़ों पर खड़े वाहनों से प्रतिदिन कई बार भारी जाम के हालात रहते हैं। स्थानीय प्रशासन की अनदेखी इन इलाकों में आवागमन के लिए कई समस्याएं पैदा कर रही हैं। इधर शनिवार को स्थानीय प्रशासन की एक बैठक में शहर की पार्किंग समस्या को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा खाली पड़ी पुलिस विभाग की भूमि पर अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यह पार्किंग व्यवस्था सभी के लिए पूरी तरह से निशुल्क रहेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रशासन की इस व्यवस्था से मेंन रोड, नगर पालिका के आसपास जैसे इलाकों में कुछ राहत लोगों को जरूर मिलने वाली है। गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पहले ही यहां के व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय साहू पत्रकार गुणवंत सिंह चड्ढा, दुर्गा प्रसाद जौजारे और राकेश शर्मा ने भी जिला पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया से मुलाकात कर पुलिस विभाग की खाली पड़ी भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की थी।

#### कार्रवाई की जाएगी

शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और पार्किंग की कमी के चलते बीते दिवस एसटीएम और पुलिस विभाग के साथ हुई बैठक में अस्थाई पार्किंग के लिए पुलिस विभाग द्वारा भूमि दी गई है। यह पार्किंग सभी के लिए पूरी तरह निशुल्क रहेगी। इसके बाद भी अगर कोई सड़कों पर वहां खड़ा करता है तो दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

-नितिन बिंजवे, सीएमओ,
नगरपालिका अधिकारी आमला

## सोहागपुर नपकर्मियों ने किया जागरूकता अभियान में सहयोग

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया मूर्तिकारों को मिट्टी प्रतिमाएं बनाने के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




मप्र शासन द्वारा गणेशोत्सव व दुर्गोत्सव दौरान प्लास्टिक ऑफ़ पेरिस से मूर्तियां ना बनाने के लिये मूर्तिकारों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सोहागपुर नगर के मूर्तिकारों से गत दिवस मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा नप की टीम ने भेंटकर समझाइश दी है। सोहागपुर नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि भ्रमण दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदेश कार्यालय लेब असिस्टेंट आशा कुमारी ने मूर्तिकारों को मूर्ति निर्माण में प्रकृति व पर्यावरण का ध्यान रखना की समझाइश दी। तथा क्या करें एवं क्या ना करें से अवगत कराया। इस दौरान सोहागपुर नपकर्मी भी उपस्थित थे।

### यह होता है नुकसान

आशा कुमारी ने मूर्तिकारों को बताया कि जलस्त्रोतों में प्रतिमा विसर्जन से जलीय गुणवत्ता प्रभावित होती है। मूर्ति निर्माण में उपयोगी अप्राकृतिक रंगों में विषैले रसायन होते हैं, जो जलीय जीवों के लिये मृत्यु कारक हो सकते हैं। इधर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के लिये नप अस्थाई तालाब निर्मित करेगी, जिसके चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा।

### नागरिकों से की अपील

सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल व सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने नगरवासियों से अपील की है कि वे पीओपी की मूर्तियां स्थापित ना करें तथा मिट्टी से बनी मूर्तियों का उपयोग करें। घरों में स्थापित मूर्तियों का विसर्जन बाल्टी या टब में करें। जिससे तैयार जल व मिट्टी के मिश्रण का उपयोग बागवानी में किया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की श्री गणेशोत्सव समितियों से अपील है कि प्रतिमा के लिये उपयोग किये गए वस्त्र, पूजन सामग्री, प्लास्टिक सामग्री, पॉलिथीन बैग एवं अनावश्यक सामग्री को तालाब व नदियों में ना डालें।

### खास बातें जो रखें याद

1- मूर्तियों का निर्माण स्वच्छ व हो सके तो छानी गई मिट्टी, बायोडिग्रेडेबल एवं ईको-फ्रेन्डली मटेरियल से किया जाए।

2- मूर्ति सजावट के लिये प्राकृतिक रंग व बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग किया जाए।

3- मूर्तिकार कम ऊंचाई की तथा पर्यावरण हितैषी मूर्तियां बनाएं।

4- प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों का विसर्जन जल स्त्रोतों में नहीं किया जाए।

5- प्रतिमाओं के साथ फूल, वस्त्र एवं सजावटी समान जैसे रंगीन कागज एवं प्लॉस्टिक विसर्जित न करें।

6- प्रतिबंधित पॉलिथीन, सिंगल यूज प्लॉस्टिक, थर्माकोल सामग्री, नॉन बायो डिग्रेडेबल रासायनिक रंग ऑयल पेंटस का उपयोग न करें।

# ट्रेन से गिरकर घायल हो गया था आर्मी का जवान, इलाज के लिए रुकवाई ट्रेन, की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सोहागपुर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात पुलिस, रेलवे व स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल आर्मी जवान को बचाने त्वरित एक्शन लेकर सराहनीय कार्य किया है। आर्मीमेन ट्रेन से गिरकर घायल हो गया था। तीनों विभागों के कर्मियों की मेहनत से घायल अब सुरक्षित बताया गया है।

हरिभूमि ने शनिवार दोपहर घटना की सूचना मिलने के बाद 108 एम्बुलेंस के ईटीएम भंवर सिंह मांडरे व पायलट ललित यादव से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात लगभग 12 बजे 108 एंबुलेंस को सूचना मिली थी कि बांसखापा रेलवे गेट से कुछ आगे कोई व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। सूचना पर ईएमटी व पायलट 108 वाहन लेकर बांसखापा रेलवे गेट पहुंचे। जहां पता चला कि इटारसी ट्रैक की ओर लगभग दो किलोमीटर दूर रेलवेकर्मी घटनास्थल पर उपस्थित हैं। और रेलकर्मियों ने घायल को ट्रैक से दूर हटाकर सुरक्षित किया है। मौके तक रेलवे कर्मियों के साथ ईएमटी तथा पायलट पैदल पहुंचे। घायल को 108 एंबुलेंस तक लाने में समय लग सकता था, इसलिए सभी ने निर्णय लिया कि सोहागपुर रेलवे स्टेशन से संपर्क कर ट्रेन रुकवाई जाए। इस बीच घायल की आईडी ढूंढकर पर्स आदि तलाशे गए। जिससे पता चला कि वह आर्मी जवान है और उसका नाम भूपेंद्र पुन है। 10 मिनिट बाद इटारसी से सोहागपुर की ओर आती ट्रेन रुकी, जिसमें घायल को सोहागपुर लाया गया। रेलवे स्टेशन से एंबुलेंस द्वारा घायल को अस्पताल लाया गया।

घायल लगभग 40 वर्षीय भूपेंद्र पुन पुत्र सोनवीर पुन निवासी देहरादून उत्तराखंड है, जो कि आर्मी में जवान है। हरिभूमि से चर्चा में पुलिस एएसआई गणेश राय ने बताया कि सोहागपुर अस्पताल में रात करीब ढाई बजे डॉ. नेहा वर्मा तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्काल घायल आर्मी जवान का उपचार किया। दवा के लिये एसआई महेश सोनी तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने मेडिकल स्टोर खुलवाकर दवाई उपलब्ध कराई और 108 एंबुलेंस से घायल जवान को नर्मदापुरम रेफर किया गया। एएसआई गणेश राय ने बताया कि फिलहाल बैरागढ़ आर्मी यूनिट द्वारा घायल को आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया है।

### आज मनाया जाएगा भगवान श्री लवकुश जन्मोत्सव

सोहागपुर। जिला कुशवाहा समाज संगठन एवं लवकुश सेवा संगठन सोहागपुर द्वारा आज भगवान श्री लवकुश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन के लिये तय इकाई के अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा सरपंच ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री लवकुश जन्मोत्सव सोहागपुर क्षेत्र में मनाया जाएगा। इस अवसर पर आज सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। वहीं दोपहर एक बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह किया जाएगा। अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिभा सम्मान समारोह व मंचीय कार्यक्रम कृषि उपमंडी सोहागपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके पहले सुबह 10 बजे श्री लवकुश चौराहा स्टेट हाईवे से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। जिसका समापन कृषि उपमंडी परिसर में किया जाएगा।

# जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करने के लिए मजबूर हो रहे ग्रामीण व स्कूली बच्चे, प्रशासन से मिला सिर्फ आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



सेमरी हरचंद से पथरई पहुंचने वाली सड़क पर बीच में रेलवे पुल के नीचे बारिश में बरसों से पथरई परसवाड़ा समेत दर्जन भर से अधिक गांव के किसान स्कूली बच्चे विस्थापित ग्रामों के आदिवासी बारिश के दिनों में रेलवे पुल के नीचे आवा गमन की सुविधा नहीं होने के कारण परेशान होते हैं 21 अगस्त को 1 ग्राम वासी की मोटर साइकिल फिसल कर नदी मेंजा गिरी मोटरसाइकिल पर दो स्कूली बच्चे भी सवार थे अनहोनी घटना एवं असुविधा से परेशान ग्राम वासियों ने 22 अगस्त को कलेक्टर के नाम सोहागपुर एसडीएम कोज्ञापन सोपा एसडीएम ने रेलवे पुल के नीचे सेमरी पथरी पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया और ग्रामवासियों को समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

मारू नदी पर बने रेलवे पुल के नीचे से दर्जन भर से अधिक गांव के किसानों को अपनी फसलों के खाद बीज से लकर उपार्जन तक के लिए नजदीकी सेमरी हरचंद के बजार पर निर्भर रहना पड़ता है वहीं स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चे एवं लगभग दर्जन भर गांव के ग्राम वासियों एवं विस्थापित ग्रामों के आदिवासी भी भी अपनी रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी सेमरी हरचंद के बाजार पर निर्भर हैं जिसके लिए रेलवे स्टेशन गूरमखेड़ी के पास स्थित रेलवे पल के नीचे से नदी पार कर सेमरी हरचंद के बाजार अस्पताल स्कूल आदि स्थानों पर जाने के लिए दर्जन भर से अधिक गांव के ग्रामवासी स्कूली किसान विस्थापित गांव के आदिवासी बारिश के दिनों भी रेलवे पुल के नीचे से जान जोखिम में डालकर पुल के नीचे से से निकलने को मजबूर हैं।

कलेक्टर नर्मदापुरम की निर्देश पर सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने सेमरी --पथरई सड़क के बीच में रेलवे पुल के नीचे स्थित मार्ग का निरीक्षण किया एवं उपस्थित ग्राम वासियों को समस्या के तात्कालिक वैकल्पिक समाधान के लिए जनपद पंचायत माखन नगर के सीईओ से बात करने का आश्वासन दिया एवं उन्होंने कहा कि रेलवे पुल के नीचे से रास्ता होने के कारण समस्या के स्थाई समाधान हेतु रेलवे अधिकारियों के पास भी विभागीय पत्र भेजा जाएगा साथ ही उन्होंने ग्राम वासियों से अपील की तेज बारिश मे रेलवे पुल के नीचे से ना निकले।

इस संबंध में एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कहा कि ग्राम वासियों की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर के निर्देश पर निरीक्षण किया है रेलवे पुल के नीचे से ग्राम वासियों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत माखन नगर के सीईओ से बात करेंगे और स्थाई समाधान के लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों को विभाग द्वारा पत्र लिखेंगे।

### कॉलेज में पूर्व प्रभारी प्राचार्य वर्मा ने दी अपनी उपस्थिति

पिपरिया। शहीद भगत सिंह कॉलेज मे 31 जनवरी 2025 को छिंदवाड़ा कॉलेज की उत्तर पुस्तिका जांचते हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पन्ना लाल का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें महाविद्यालय में पदस्थ जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पन्ना लाल से कापीका मुलयांकन करवा या जा रहा था।जिसकी शिकायत छात्र-छात्राओं ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी से की थी।जांच के बाद जांच में दोषी पाए जाने पर डा राकेश वर्मा और प्राध्यापक राम गुलाम पटेल को निलंबित कर दिया गया था।तो वर्मा ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी तो न्यायालय ने निलंबन आदेश डा राकेश वर्मा का निरस्त कर दिया था। लेकिन अभी निलंबन आदेश निरस्त करने के बाद डा राकेश वर्मा ने शुक्रवार दिनांक २२/८/२५को कालेज में वर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई है। डाक्टर राजीव महेश्वरी ने बताया उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार ज्वानिंग डा राकेश वर्मा की क्या दी उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। मार्गदर्शन मिलने पर ही आगे की कार्यवाही की जावेगी।

# नगर परिषद ने चेंबर बना दिया लेकिन जाली लगाना भूली





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर परिषद द्वारा वार्ड क्र 9 मैं डॉक्टर नैनानी के सामने शनिचरा बाजार जानेवाले व्यस्ततम मार्ग पर नगर परिषद ने पुलिया बनाई है उसमें चैंबर भी बनाया है लेकिन चैंबर से जाली गायब है वही टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर कई बार साइड से निकलने के चक्कर में चेंबर में घुस जाते है।

पिछले दिनों एक कर जिसमें फैमिली बैठी हुई थी चेंबर में घुस गई हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन फिर भी आगे कोई बड़ी घटना न हो नगर परिषद को अविलंब चेंबर पर जाली लगा देना चाहिए मार्ग के दूसरे तरफ कुछ हाथ ठेले वाले खड़े रहते हैं जिससे वहां मोड़ते समय जल्दबाजी में कभी भी कोई घटनाह हो सकती है आश्चर्य की बात है कि यह शहर का एक प्रमुख मार्ग है यहां से वार्ड पार्षद के पतिनिधि सिल्लू मालवीय का आना जाना होता है फिर भी इस पर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों का ध्यान नहीं है जबकि इस संबंध में नागरिकों द्वारा पदाधिकारियो को अवगत करा दिया है।

संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत से जब बात की उन्होंने बताया चेंबर की जाली रखी थी किसी ट्रैक्टर ट्राली वाले ने तोड़ दी है जाली रखवा दी जाएगी। नागरिकों की परेशानी का समाधान किया जाएगा।

# साइबर टेक कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का हुआ पारितोषक वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




आज का युग कंप्यूटर का युग हे,कंप्यूटर से ही सारे काम हो पाना संभव हे। आप शासकीय सेवा में जाना चाहे या अशासकीय सेवा में ,पहले यह ही पूछा जाता हे कि कंप्यूटर का कोर्स आपने किया है या नहीं, उपरोक्त बातें सायबर टेक कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के पारितोषक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष नफीस खान बतौर मुख्य अतिथि ने कहा। रिजेल्ट ओपनिंग के अवसर पर आइटीआरसी द्वारा रजिस्टर संस्था साइबर टेक कंप्यूटर एज्यूकेशन सेंटर पचमढ़ी द्वारा बच्चों का परिणाम घोषित किया गया जिसमें डीसीए ,एडीसीए ,पीजीडीसीए प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के रिजल्ट घोषित किए गए। जिसमें मुख्य अतिथि नफीस खान जिला अध्यक्ष होशंगाबाद राष्ट्रीय पत्रकार कल्याण परिषद दिल्ली, कार्यक्रम के अध्यक्षता मनीष गुप्ता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज पचमढ़ी , एवं उमेश बारिया संकुल प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचमढ़ी विशेष अतिथि एप्सलान विल्सन मैनेजर मेथोडिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल पचमढ़ी एवं विशेष अतिथि में सविता साहू, श शाहजहां मैडम ओम प्रकाश विश्वकर्मा एवं टैक्सी यूनियन के असरार अहमद अंसारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ब्रम्हलीन साहित्यकार पं. राजेंद्र सहारिया की स्मृति में गली के नामकरण की विधायक से की मांग



सोहागपुर। सोहागपुर निवासी बुंदेली गीतकार ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया का निवास नगर के रामप्रसाद वार्ड में है। अब पं. सहारिया के नाम पर वार्ड की उक्त गली के नामकरण की मांग साहित्यकारों व नागरिकों ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह से की है। गत दिवस भाजपाईयों जयप्रकाश माहेश्वरी, विजय नन्नू छाबड़िया, नप सोहागपुर उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल के नेतृत्व में विधायक से भेंट की गई। सभी ने विधायक से कहा कि ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया का निवास शहर की जिस गली में है, उसका नाम पं. राजेंद्र सहारिया मार्ग किया जाना चाहिए। विधायक सिंह ने सहमति दी तथा कहा कि यह विचार उनके मन में भी था। उन्होंने नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी से कहा कि परिषद की आगामी बैठक में प्रस्ताव लें तथा नियमानुसार कार्रवाई करें। नर्मदापुरम जिले के साहित्यकारों ने इस प्रस्ताव पर तथा विधायक विजयपाल सिंह की सहमति पर खुशी जताई है। विधायक विजयपाल सिंह हरिभूमि से चर्चा में कहा कि पूज्य ब्रम्हलीन पं. राजेंद्र सहारिया सोहागपुर की धरोहर रहे हैं। उनके पुण्य स्मरण में यह कार्य किया जाना उनके सुकर्मों के प्रति सच्चा आदर होगा।

# नम आंखों से युवा व्यवसाई एवं समाजसेवी पंकज गोयल को दी विदाई, हजारों लोग बने साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के सफल एवं कुशल युवा व्यवसाई और धार्मिक - सामाजिक कार्यों में अग्रणी पंकज गोयल पंचतत्व में विलीन हो गए। नम आंखों से हजारों लोगों ने स्व गोयल को भावभीनी विदाई दी। स्थानीय शांतिधाम श्मशान घाट में स्व गोयल के पार्थिव शरीर को चचेरे भाई धीरज एवं नीरज गोयल ने मुखाग्नि दी। ज्ञात हो कि शुक्रवार दोपहर में रेलवे खानपान ठेकेदार, कांग्रेस नेता एवं तरुण अग्रवाल मंडल इटारसी के अध्यक्ष सुरेश गोयल के इकलौते पुत्र पंकज गोयल का ग्वालियर में असमय, आकस्मिक निधन हो गया था। पंकज गोयल इटारसी शहर ही नहीं बल्कि समूचे नर्मदांचल का ऐसा सरल, सहज और ख्यातिप्राप्त नाम जिसके व्यवहार के हजारों लोग कायल हैं। पिता के रेलवे खानपान कार्य को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में और देश भर में व्यापार के विस्तार में उनकी अहम भूमिका रही। वैसे तो दुनिया में हर कोई कमा रहा है और अपने सहित परिवार का भरन पोषण कर रहा है लेकिन स्व पंकज गोयल ऐसा व्यक्तित्व था जिन्होंने जितना समाज से लिया उतना ही लौटने का भी भरसक प्रयास किया। धार्मिक, सामाजिक, साहित्यिक, राजनीतिक सहित हर प्रकार के सेवाभावी कार्यों में अपना तन, मन और धन से सहयोग करने वाले स्व गोयल को आज हर कोई याद कर रहा है। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हजारों नागरिकों की भीड़ ने भी इस बात का जीवंत प्रमाण दिया है कि उन्होंने अपने जीवन में क्या कमाया था। स्व गोयल के युवावस्था में निधन से हर कोई स्तब्ध दिखाई दिया। स्व पंकज गोयल के अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, डीएसपी रामस्नेह चौहान, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, बार एसोसिएशन इटारसी अध्यक्ष रमेश राजपूत, सर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, समाजसेवी कैलाश शर्मा आदि ने श्रृद्धांजलि दी।

# दुष्कर्म के फरार आरोपी को भोपाल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर




28 जून 2025 को माखन नगर थाने में फरियादी ने नरेंद्र कहार 26पिता गेंदालाल कहार निवासी कहार मोहल्ला माखन नगर की दुराचार करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी आरोपी नरेंद्र घटना दिनांक से फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एस डीओ पी सोहागपुर के मार्गदर्शन में महिला सबंधी आरोपियों को पकड़ने में लगातार कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपी के ऊपर 5000 के इनाम की उद्घोषणा की गई थी आरोपी नरेंद्र को पकड़ने के लिए पुलिस पहले राजगढ़ सारंगगढ़ गई आरोपी वहां नहीं मिला मोबाइल लोकेशन से आरोपी की भोपाल में होने की जानकारी लगी पुलिस की टीम ने भोपाल मैं रायसेन रोड से नरेंद्र को गिरफ्तार किया आरोपी के रिुद्र दुराचार एवं एससी एसटी की धारा मामला दर्ज है आरोपी नरेंद्र को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया फरार आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम के थाना पभारी मदन लाल पवार उप निरीक्षक कमलेश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक गोपाल पाल सहायक उप निरीक्षक प्रकाश राजपूत प्रधान आरक्षक अजय रघुवंशी आरक्षक रविंद्र उईके साइबर सेल के आरक्षक संदीप रघुवंशी आरक्षक दीपेश आदि की भूमिका रही।

## नागरिकों ने समस्या समाधान की मांग

# स्टेट हाईवे पर लगा गंदगी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया पचमढ़ी रोड स्टेट हाईवे पर सरकार द्वारा व्यापारियों को निजी । बाद भी सस्ते दामों में जमीन सरकारी उपलब्ध कराई गई है।छोटी सब जेलपरिसर से लगी हुई है। यहां पर राइस मिल अधिक मात्रा में में है। मुख्य रूप से प्रगति और एम एम राइस का काम कभी बढ़ा दिया है । निजी दुकान जमीन के बाद भी सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई गई है मुख्य मार्ग पर जली हुई काली राखड तथा भूसा भी मुख्य भूमिका निभाई जा रही है शासन के अधिकारियों के दारा पैदल साइकिल मोटर सायकल से निकलने वाला आदमी तक नहीं निकल पा रहा है दुर्गंध से परिपूर्ण हो गया है पूरा मामला। जानवर गौ वंश भी वही पर है सड़ांध आ रही है लेकिन उद्योग जगत के कोई भी मालिक ध्यान नहीं देते हैं।हवामे उड़कर राखड़ मिट्टी भूसा आंखों में जा रहा है।

बरसात का मौसम खराबहोने से पैदले निकलना मुश्किल हो गया है। अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। यहां तक कि अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने आज तक सब जेल या औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण तक नहीं किया गया है। सड़कों पर गौर वंश भटक रहा है।पर मौन है। जनहित में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लोगों ने मांग की से। गंदगी को साफ कराकर भूसा राखड हटाया जावे।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (MP)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No/5940/E-Tendering/NPN/2025 Narmadapuram Date - 21/08/2025

// Notice Inviting Tenders //
(1st Call)

Online Percentage rate bids for the following works are invited from Centralized registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria -

| SL No. | Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _445500_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 24 KAMLESH SONI HOUSE TO MUKHYA NALA MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 483258/- | 4833/- | 2000/- | 03 Months (with Rainy Season) |
| 2. | 2025_UAD _445507_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT WARD NO 24 RAMARIYA JI TO MUKESH YADAV TO SHANKAR YADAV MANGAL BHAVAN TO BHOPAL CHOURAHA NALA MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 1625249/- | 12200/- | 2000/- | 03 Months (with Rainy Season) |
| 3. | 2025_UAD _445516_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO 31 MANOHAR KIRANA TO MOHAN YADAV HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 1069072/- | 8020/- | 2000/- | 03 Months (with Rainy Season) |
| 4. | 2025_UAD _445529_1 | PAVING BLOCK WORK AT WARD NO 31 SHIVAM MEDICAL TO TANSEN HOUSE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP. | 2105321/- | 15790/- | 5000/- | 03 Months (with Rainy Season) |

The Bid Document can be Download only online from 19 & 20/08/2025 (18.00 & 10.00) to 04 & 20/09/2025 (17.30) hour for more Information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram

## खबर संक्षेप

### हरदा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेंट आज, कलेक्टर होंगे मुख्य अतिथि

**हरदा।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, छीपानेर रो हरदा में आयोजित किया गया है। टूर्नामेन्ट में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ब्लाक समन्वयक ने बताया कि अंडर-15 वर्ग में प्रथम पुरस्कार एक हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 500 रूपये, तृतीय पुरस्कार 300 रूपये तथा चौथा, पांचवा, छठा, सातवां, आठवां, नवा एवं दसवा पुरस्कार 200-200 रूपये रखा गया है। इसी प्रकार ओपन वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1500 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार एक हजार रूपये, पंचम पुरस्कार 500 रूपये तथा छठा, सातवां, आठवां, नवा एवं दसवा पुरस्कार 300-300 रूपये रखा गया है।

### 24 घंटों में 26.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरदा।** जिले में 24 घंटों में 26.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 30 मि.मी., टिमरनी में 30.4 मि.मी., खिरकिया में 32.4 मि.मी., सिराली में 18 मि.मी. तथा रहटगांव में 22 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 803.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 767.9 मि.मी., टिमरनी में 646 मि.मी., खिरकिया में 645 मि.मी., सिराली में 717.4 तथा रहटगांव में 757.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 23 अगस्त तक 706.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 23 सितंबर तक मांगे

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाइट पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर है।

### इंडियन आर्मी की तर्ज पर शुरू की गई कैंटीन में मिलेगा घरेलू सामान

# पुलिसकर्मियों को मिलेगा बाजार से सस्ता सामान, लाइन में खुली कैंटीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

**पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस कल्याण भंडार की कैंटीन का शुभारंभ किया गया। नर्मदापुरम संभाग के आईजी मिथिलेश शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी अभिनव चौकसे और एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने विधिवत पूजन के बाद कैंटीन का उद्घाटन किया।**



इंडियन आर्मी की तर्ज पर शुरू की गई इस कैंटीन में पुलिसकर्मियों को घरेलू जरूरत का सारा सामान एक ही छत के नीचे मिलेगा। एएसपी मिश्रा के अनुसार, व्यस्त कार्यक्रम के कारण पुलिसकर्मी अक्सर घरेलू जरूरतों के सामान नहीं खरीद पाते थे। इसी को ध्यान में रखते हुए कैंटीन का निर्माण किया गया। कैंटीन में राशन, रोजमर्रा की जरूरत के सामान, फूड आइटम और ग्रोसरी उपलब्ध है। जल्द ही लगेज, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान भी उपलब्ध कराया जाएगा। आरआई रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि एक पुलिसकर्मी प्रति माह 8 हजार रुपए तक का सामान खरीद सकेगा। सभी सामान पर 15 से 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### कैंटीन से होने वाला लाभ पुलिस वेलफेयर में जमा होगा

कैंटीन से होने वाला लाभ पुलिस वेलफेयर में जमा होगा। इस राशि का उपयोग जरूरतमंद पुलिस परिवारों की मदद के लिए किया जाएगा। यह सुविधा करीब 180 पुलिस परिवारों को मिलेगी। पुलिस लाईन में इस केन्टीन के शुरू होने से पुलिसकर्मी और उनके परिजन आसानी से एक ही स्थान से किराना, खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुएँ और अन्य सामान ले सकेंगे। इससे न केवल उनकी आर्थिक बचत होगी बल्कि उन्हें समय की भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह सुविधा उनके लिए किसी घर के सहारे से कम नहीं है। इससे वे निश्चिंत होकर अपनी सेवाएँ दे सकेंगे और परिवार की आवश्यकताओं की चिंता कम होगी।

### पतंजलि परिवार का आयोजन

# शिविर में स्वामी परमार्थ देव ने बताया योग का महत्व



**हरदा।** पतंजलि परिवार द्वारा नगर के कच्छ कड़वा पाटीदार भवन में एक दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 5:30 बजे से प्रारम्भ हुए इस शिविर में बड़ी संख्या में योग साधक सम्मिलित हुए। योग गुरु रामदेव बाबा के शिष्य स्वामी परमार्थ देव (मुख्य केंद्रीय प्रभारी पतंजलि योग पीठ हरिद्वार) ने शिविर में उपस्थित लोगों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि योगी बनो, कर्मयोगी बनो, निरोगी बनो, उपयोगी बनो, सहयोगी बनो इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाओ और स्वदेशी बनो जिससे देश समृद्ध होगा। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, जैविक, गौरक्षा के पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में पूरी ऊर्जा के साथ काम करने के लिए, भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन स्वामी रामदेव द्वारा भारतीय पारंपरिक ज्ञान समाहित आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से कराया गया।योग शिविर भारत स्वाभिमान न्यास के प्रांत प्रभारी राजेंद्र आर्य, पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रभारी कृष्ण योगेन्द्र, वरिष्ठ नागरिक शिक्षाविद प्रभु शंकर शुक्ल, जिला पंचायत हरदा के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत एवं अन्य योग आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। शिविर में कन्नौद नगर, जिला देवास के बाल योग साधको ने आकर्षक योग प्रस्तुति देने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। योग शिविर में प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने एवं स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रेम नारायण सोरठिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विधायक निधि से 108 एंबुलेंस वाहन देने का आश्वासन

# विधायक ने मन्नासा में सड़क व पुलिया रिपेयरिंग के लिए दिए 50 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



रेस्ट हाउस में शनिवार को टिमरनी विधायक अभिजीत शाह के साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान आंबा मन्नासा मार्ग पर तत्काल पुलिया रिपेयरिंग एवं सड़क मरम्मत के लिए वेतन से पचास हजार रुपये नगदी समिति एवं ग्रामीणों को दिए। जो वन विभाग के माध्यम से कल से काम चालू हो जायेगा। जिससे ग्रामीणों को तत्काल सड़क का लाभ मिल सकेगा।

जानकारी के मुताबिक वनांचल से मुलाकात के लिए पहुंचे विधायक अभिजीत शाह ने बताया की वनांचल में अभी भी अनेक सड़कें कच्ची है। इसके लिए विधानसभा में मुद्दे भी उठाए गए। जिसके चलते 19 सड़कें डामरीकरण की स्वीकृत हो चुकी है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की आंबा से मन्नासा सड़क काफी खस्ता हालत में है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। मालूम हो कि बीते दिनों एक महिला को डिलेवरी के लिए झोली में डालकर लाना पड़ा था। इस पर विधायक अभिजीत शाह ने आश्वस्त किया की जल्द पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ ही रहटगांव क्षेत्र के लिए एक 108 वाहन सुविधा विधायक निधि से दी जाएगी। मन्नासा में 200 मीटर रोड विधायक निधि, वनविभाग की लाभांश राशि से 200 मीटर आरसीसी रोड एवं 320 मीटर आरसीसी नाली निर्माण कार्य होगा।इस दौरान रहटगांव रेंजर विवेक नाग, वनरक्षक पवन गौर जनपद सदस्य सुंदर लाल मवासे, संतोष चौहान सहित आंबा, बोथी, खारी, मन्नासा,महुखाल सहित अन्य ग्राम के ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिले में 2611 स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कर 421 बच्चों को चश्मे के नंबर दिए

### जिले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत बच्चों का नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कार्यक्रम 1 से 22 अगस्त तक चलाया गया। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा बच्चों का दृष्टि परीक्षण कर दृष्टि दोष से पीड़ति बच्चों को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य केन्द्रों में ला कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर नेत्र सहायक के द्वारा बच्चों के चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इस दौरान जिले के 54 स्कूलों के 2611 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर 421 बच्चों को चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये। कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया में 18 स्कूलों के 871 बच्चो का नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष के 126 बच्चों को चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया में 17 स्कूलों के 765 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष पीडित 150 बच्चों को चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी में 19 स्कूलों के 975 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष पीड़ति 145 बच्चों को चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये। डॉ. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी बच्चों को निःशुल्क चश्में उपलब्ध कराये जायेंगे। डॉ. सिंह ने बताया कि एनएचएम के नये निर्देषानुसार आगामी दिवसो में नेत्र सहायको के द्वारा अपने अपने क्षेत्र के सभी स्कूलो में जा कर नेत्र परीक्षण किया जावेगा।

# जागरूकता अभियान का प्रशिक्षण दिया

### जिला एड्स एवं रोकथाम नियंत्रण ईकाई ने किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला एड्स एवं रोकथाम नियंत्रण ईकाई जिला हरदा के तहत शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला. हरदा के सभा कक्ष में सघन जागरूकता अभियान के तहत जिले की ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाडी कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले में एड्स नियंत्रण अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं जिला महिला बाल विकास की आंगनबाडी कार्यकर्ता को संयुक्त टीम बनाकर कार्य करना है। जिला क्षय अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत ने विस्तृत रूप से एड्स के फैलाव एवं बचाव का प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों के प्रतिउत्तर दिए। एम एण्ड डी ओ मनीष शकरगाय ने स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यक्रमों एवं सुरक्षित प्रसव, गर्भवती महिलाओं की जांच के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीता चौबे ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

### स्वावलंबी भारत अभियान में स्वदेशी वस्तु उपयोग करने का किया आह्वान

# विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में सीखा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शनिवार को पिनेकल एकेडमी में जन जागृति कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक नरेंद्र राठी, स्वदेशी मेला प्रमुख मध्य भारत प्रांत रविलाल पटेल, स्वदेशी पत्रिका प्रमुख डॉ एलएन पाराशर, स्वदेशी विचार प्रमुख शैलेश साबू, स्वदेशी विचार मंच संगठन मंत्री अरुण मालवीय, उद्यमी सिद्धांत पाटनी, मिट्टी के गणेश प्रतिमा प्रशिक्षक कृतिका अत्रे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन स्कूल संचालक अब्दुल सईद खान ने दिया। इस दौरान नरेंद्र राठी ने स्वदेशी वस्तुओं की जानकारी देकर उन्हें अपनाने की अपील की। अभियान से जुड़े रविलाल पटेल ने दैनिक उपयोगी वस्तुओं में स्वदेशी वस्तु अपनाकर स्वावलंबन की बात कही। वहीं अरुण मालवीय ने विद्यार्थियों को स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत प्रोपेसर डॉ एलएन पाराशर ने विद्यार्थियों को स्वावलंबी वस्तु अपनाने की बात कही,उन्होंने गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान युवा उद्यमी सिद्धांत पाटनी का उनके स्टार्टअप पर सम्मान किया गया।वहीं संचालक सईद खान ने विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तु अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य काजल पांडे ने किया,आभार डायरेक्टर सुल्ताना खान ने व्यक्त किया।

### मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाई

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य एवं लोगों को आगामी गणेश उत्सव में मिट्टी के गणेश प्रतिमा स्थापित करने के आह्वान के साथ पिनेकल एकेडमी में विद्यार्थियों ने मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाना सीखा। प्रशिक्षक कृति अत्रे ने विद्यार्थियों को सरल तरीके से समझाइश देकर गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया।वहीं विद्यार्थियों ने गणेश प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प भी लिया।विद्यार्थी स्वयं के द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमा को आकार मिलने पर उत्साहित हुए

### उद्योग संचालन संबंधी समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने 5 एमएसएमई इकाइयों तथा खोखरी स्थित एक औद्योगिक इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्टर बालागुरु के. ने सीहोर के बढ़ियाखेड़ी स्थित 5 एमएसएमई औद्योगिक ईकाइयों एवं ग्राम खोखरी स्थित दीपक फास्टनर्स ईकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन इकाइयों में चल रही उत्पादन प्रक्रिया एवं निर्मित उत्पादों की प्रक्रिया को समझा और इकाई प्रतिनिधियों से इकाई के कार्यो, श्रमिकों की जानकरी एवं उद्योग संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उद्योग संचालन में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में उद्योगपतियों से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएसएमई इकाइयों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न उद्योगों का निरीक्षण किया एवं उद्योगपतियों से चर्चा की। उन्होंने मेसर्स जगदम्बे पाइप एंटरप्राइजेज, मेसर्स उपाध्याय मसाला, मेसर्स युवन कॉर्पोरेशन, मेसर्स भुवन इंडस्ट्रीज और मेसर्स ओम बचावर इंडस्ट्रीज (ओम थर्माकोल) का भ्रमण किया। खोखरी स्थित दीपक फास्टनर्स इकाई के निरीक्षण दौरान कलेक्टर बालागुरू के. को इकाई के संचालक कार्तिकेयन जयपाल ने इकाई की उत्पादन प्रक्रिया एवं निर्मित उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# खाली ट्रक में भीषण आग, फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा, मचा हड़कंप



**सीहोर।** शहर के जमुनिया रोड स्थित साइलो वेयरहाउस पर खड़े एक खाली ट्रक में देर रात अचानक आग लग गई। यह हादसा गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12:45 बजे हुआ। चंद मिनटों में लपटें इतनी तेज हो गईं कि ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल चालक आरिफ खान और फायरमैन अतीक खान मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। उनकी तत्परता से बड़ा हादसा टल गया क्योंकि वेयरहाउस परिसर में अन्य ट्रक भी खड़े हुए थे। यदि आग फैलती तो नुकसान और भी भयावह हो सकता था। घटना का वीडियो प्रत्यक्षदर्शियों ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें आग की भीषण लपटें साफ देखी जा सकती हैं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण ट्रक की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि पुलिस ट्रक मालिक की पहचान कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है, हालांकि फायर ब्रिगेड की सक्रियता से बड़ी त्रासदी टल गई।